# चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग

## प्रिलिम्स के लिये:

चंद्रयान- 3, विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर, चंद्र दिवस, रहने योग्य ग्रह पृथ्वी की स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्री (SHAPE), LUPEX, आदित्य L1, NISAR, गगनयान, शुक्रयान 1, XPoSat

## मेन्स के लिये:

चंद्रयान- 3 मिशन के उद्देश्य, अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियाँ

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

## चर्चा में क्यों?

**चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट-लैंडिंग करने वाला पहला मिशन बनकर** चंद्रयान-3 ने इतिहास रच दिया है, दक्षिणी ध्रुव एक ऐसा क्षेत्र है जिसकी पहले कभी खोज नहीं की गई थी। इस मिशन का उद्देश्य सुरक्षित और सहज चंद्र लैंडिंग, रोवर गतिशीलता और **अंतःस्थाने वैज्ञानिक प्रयोगों** का प्रदर्शन करना था।

- भारत अब **संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन के साथ चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग करने वाले कुछ देशों** में शामिल हो गया है।

## पिछले मिशन में उत्पन्न बाधाएँ और चंद्रयान-3:

- वर्ष 2019 में चंद्रयान-2 मिशन की लैंडिंग में विफलता के बाद अब **चंद्रयान-3** ने **सफल लैंडिंग की है**।
    - चंद्रमा पर उतरते समय नियंत्रण और संचार खो देने के कारण चंद्रयान-2 का विक्रम लैंडर चंद्रमा की सतह पर क्षतिग्रस्त हो गया था।
- चंद्रयान-3 में भविष्य की समस्याओं का पूर्वानुमान लगाने और उनका समाधान करने के लिये चंद्रयान-2 मिशन से सीखे गए सबक से **"विफलता-आधारित" डिज़ाइन** रणनीति का उपयोग किया गया।
    - महत्त्वपूर्ण परिवर्तनों में लैंडर के पैरों को मज़बूत करना, **ईंधन भंडार बढ़ाना और लैंडिंग साइट के लचीलेपन** को बढ़ाना शामिल था।

## चंद्रयान-3 की लैंडिंग के लिये चंद्रमा के निकटतम भाग को चुनने का कारण:

- चंद्रयान-3 का उद्देश्य चंद्रमा पर संभावित पानी-बर्फ और संसाधनों के लिये उसके **दक्षिणी ध्रुव** के पास **"स्थायी रूप से छाया वाले क्षेत्रों"** की जाँच करना है।
    - विक्रम लैंडर का **नियंत्रित अवरोह (नीचे उतरने की प्रक्रिया) चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के सबसे निकट पहुँचने के रूप में परिणत** हुआ।
- **चीन के चांग'ई 4 चंद्र मिशन के दूरस्थ भाग के विपरीत चंद्रमा के निकटतम भाग पर विक्रम की लैंडिंग** एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।
    - **तुल्यकालिक घूर्णन (Synchronous Rotation) के कारण पृथ्वी से दिखाई** देने वाला नज़दीकी भाग चंद्रमा के 60% हिस्से को कवर करता है।
    - **वर्ष 1959 में सोवियत अंतरिक्ष यान लूना 3 द्वारा तस्वीरें लिये जाने तक इसका दूर का हिस्सा अदृश्य था।**
        - **वर्ष 1968 में अपोलो 8 मिशन** के अंतरिक्ष यात्री इसके दूरस्थ भाग को देखने वाले पहले इंसान थे।

- इसके नज़दीकी भाग में चिकनी सतह और असंख्य **'मारिया' (बड़े ज्वालामुखीय मैदान)** हैं, जबकि दूर के भाग में क्षुद्रग्रह के टकराव से बने विशाल गड्ढे हैं।
    - चंद्रमा के नज़दीकी भाग की परत पतली है, जिससे ज्वालामुखीय लावा बहता है और समय के साथ गड्ढों को भर देता है, जिससे समतल भू-भाग का निर्माण होता है।
- लैंडिंग के लिये चंद्रमा के निकटतम भाग को चुनने का मिशन का प्राथमिक उद्देश्य **नियंत्रित सॉफ्ट लैंडिंग** था।
    - **यदि चंद्रयान पृथ्वी के साथ सीधी दृष्टि रेखा** (Direct Line-of-sight with Earth) **से दूर होता तो ऐसे में उसकी लैंडिंग हेतु** संचार के लिये एक मध्यवर्ती बिंदु की आवश्यकता होती।

## चंद्रयान-3 की लैंडिंग के बाद के अपेक्षित कदम:

- **चंद्रयान-3** के चंद्रमा की सतह पर **कम-से-कम एक चंद्र दिवस (पृथ्वी के 14 दिन)** तक संचालित होने की अपेक्षा है।
    - **प्रज्ञान रोवर लैंडिंग स्थल के चारों ओर 500 मीटर के दायरे में घूमेगा**, परीक्षण करेगा और लैंडर को डेटा एवं छवियाँ भेजेगा।
    - **विक्रम लैंडर डेटा और छवियों को ऑर्बिटर तक प्रसारित करेगा,** जो फिर उन्हें पृथ्वी पर भेज देगा।
    - **लैंडर और रोवर मॉड्यूल** सामूहिक रूप से उन्नत वैज्ञानिक पेलोड से सुसज्जित हैं।
        - इन उपकरणों को चंद्रमा की विशेषताओं के विभिन्न पहलुओं की व्यापक जाँच करने के लिये डिज़ाइन किया गया है, जिसमें **उस क्षेत्र का विश्लेषण, खनिज संरचना, सतह रसायन विज्ञान, वायुमंडलीय गुण और महत्त्वपूर्ण रूप से पानी एवं संभावित संसाधन जलाशयों की खोज शामिल है।मेट्र**
        - **प्रणोदन मॉड्यूल जो लैंडर और रोवर कॉन्फिगिरेशन को 100 किमी. चंद्रमा की कक्षा तक ले गया,** उसमें चंद्रमा की कक्षा से पृथ्वी के वर्णक्रमीय और पोलरमिट्री माप का अध्ययन करने के लिये **स्पेक्ट्रो-पोलरमिट्री ऑफ हैबिटेबल प्लैनेट अर्थ (SHAPE)** पेलोड भी है।




//

## भविष्य के ISRO के अभियान:

- **चंद्रयान-4: चंद्रमा के विकास के पथ पर आगे बढ़ना।**
  - पिछले मिशनों के आधार पर आने वाले समय में नमूना वापसी मिशन के लिये चंद्रयान-4 को भी भेजा जा सकता है।
    - सफल होने पर यह चंद्रयान-2 और 3 के बाद अगला तार्किक कदम हो सकता है, जो चंद्र सतह के नमूनों को पुनः प्राप्त करने की क्षमता प्रदान करेगा।
  - यह मिशन चंद्रमा की संरचना और इतिहास के बारे में हमारी समझ को विस्तृत करने में मदद करेगा।
- **LUPEX:** लूनर पोलर एक्सप्लोरेशन (Lunar Polar Exploration mission-LUPEX) **मिशन, ISRO और JAXA (जापान) के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है जो चंद्रमा के ध्रुवीय क्षेत्रों का पता लगाने में मदद करेगा।**
  - इसे विशेष रूप से ऐसे क्षेत्रों को ढूँढने के लिये डिज़ाइन किया जाएगा जो स्थायी रूप से छायांकित क्षेत्र हैं।
  - पानी की उपस्थिति की खोज करना और एक स्थायी दीर्घकालिक स्टेशन की क्षमता का आकलन करना LUPEX के उद्देश्यों में से एक है।
- आदित्य एल1: यह सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित भारतीय मिशन होगा।
  - **अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लाग्रांज बिंदु 1 (Lagrange point 1, L1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखा जाएगा**, जो पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किमी. दूर है।
  - **सूर्य के कोरोना, उत्सर्जन, सौर हवाओं, ज्वालाओं और कोरोनल द्रव्यमान उत्सर्जन का अवलोकन करना आदित्य-एल1 का प्राथमिक उद्देश्य है।**
- एक्स-रे ध्रुवणमापी उपग्रह **(X-ray Polarimeter Satellite- XPoSat):** यह चरम स्थितियों में **उज्ज्वल खगोलीय एक्स-रे स्रोतों की विभिन्न गतिशीलता का अध्ययन करने वाला भारत का पहला समर्पित** ध्रुवणमापी **मिशन होगा।**
  - अंतरिक्ष यान पृथ्वी की निचली कक्षा में दो वैज्ञानिक पेलोड ले जाएगा।

- **NISAR:** [NASA-ISRO सिंथेटिक एपर्चर रडार](#) **(NISAR)** एक **निम्न पृथ्वी कक्षा (Low Earth Orbit- LEO)** वेधशाला है जिसे NASA और ISRO द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया जा रहा है।
    - NISAR **12 दिनों में पूरे विश्व का मानचित्रण करेगा** तथा पृथ्वी के **पारिस्थितिकी तंत्र, आइस मास (Ice Mass), वनस्पति बायोमास, समुद्र स्तर में वृद्धि, भूजल** और भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी एवं भूस्खलन सहित **प्राकृतिक खतरों में परिवर्तन** को समझने के लिये स्थानिक तथा अस्थायी रूप से सुसंगत डेटा प्रदान करेगा।
- **गगनयान:** [गगनयान](#) मिशन का उद्देश्य **मनुष्यों को अंतरिक्ष में** भेजना और **उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है।** इस मिशन में **दो मानवरहित उड़ानें और एक मानवयुक्त उड़ान** शामिल होगी, जिसमें **GSLV Mk III लॉन्च व्हीकल** और एक **ह्यूमन-रेटेड ऑर्बिटल मॉड्यूल** का उपयोग किया जाएगा।
    - **मानवयुक्त उड़ान एक महिला सहित तीन अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की** निचली कक्षा में सात दिनों के लिये ले जाएगी।
- [**शुक्रयान 1**](#)**:** यह सूर्य से दूसरे ग्रह **शुक्र पर एक ऑर्बिटर** भेजने हेतु नियोजित मिशन है। इसमें **शुक्र की भू-वैज्ञानिक तथा ज्वालामुखीय गतिविधि,** ज़मीन पर उत्सर्जन, वायु की गति, मेघ आवरण तथा ग्रह संबंधी अन्य विशेषताओं का अध्ययन किये जाने की अपेक्षा है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों की चर्चा कीजिये। इस प्रौद्योगिकी का प्रयोग भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास में किस प्रकार सहायक हुआ है? (2016)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chandrayaan-3-successfully-lands-on-moon-s-south-pole